(IQAC)

'टेक्निकल कोर्सेज कर रोजगार के अवसर प्राप्त करें विद्यार्थी'

अमर उजाला ब्यूरो

बिल्सी।

महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कॉलेज में शनिवार को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के नेशनल मिशन ऑन एजुकेशन थ्रु इंफॉरमेशन एवं कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के तहत आईआईटी बॉम्बे की ओर से विकसित स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट(एसटीपी) के तहत ट्रेनिंग मैनेजर श्रीमती वर्षा दंड ने इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ.वसुधा श्रीवास्तव ने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी का विभिन्न क्षेत्रों में उत्तोत्तर महत्व बढ़ता जा रहा है। इसलिए विद्यार्थियों को इस प्रोजेक्ट के माध्यम से आईसीटी संबंधी विभिन्न ऑनलाइन रोजगार परक कोर्सेज का लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा, इससे सरकार के कौशल विकास का कार्यक्रम भी सफल हो सकेगा। स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट आईआईटी बांबे की नोडल अधिकारी डॉ.डॉली ने कहा कि यह प्रोजेक्ट 26 जनवरी 2010 में शुरू था। वर्तमान में भारत वर्ष में 4053 शैक्षिक संस्थानों में विद्यार्थी इस प्रोजेक्ट से जुड़कर निःशुल्क लाभ उठा रहे है। महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को भी इस प्रोजेक्ट से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। सहायक नोडल अधिकारी डॉ. पंकज कुमार सिंह ने एसटीपी के तहत संचालित

बिल्सी कॉलेज में दी गई जानकारी

विभिन्न आईसीटी कोर्सेज के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर डॉ.सतीश सिंह यादव, डॉ.नीता सक्सेना, ऋतु जैन, धर्मेंद्र कुमार, आराधना वर्मा, मधुर माहेश्वरी, अनिल कुमार, रामसेवक, सूरजपाल, सुभाष चंद्र, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।

एन एस आई सी
NSIC

राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

एन• एस• आई• सी भवन, ओखला औद्योगिक एस्टेट, नई दिल्ली–110020 (भारत)

रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

गैर वाणिज्यिक शर्तों पर वेब प्लेटफार्म पर एनएसआईसी बी2बी पोर्टल सदस्यों को सेवाएं

एनएसआईसी, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक उपक्रम प्रतिष्ठित एजेंसियों / फर्मों से एनएसआईसी बी2बी पोर्टल (www.msmemart.com) सदस्यों को वेब प्लेटफार्म पर गैर-वाणिज्यिक शर्तों पर सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करता है।

विस्तृत सूचना वेबसाइट www.nsic.co.in पर भी देखी जा सकती है। रुचि की अभिव्यक्ति जमा करने की अन्तिम तिथि 01.01.2018 को अप. 2.30 बजे तक है।

दिनांक : 17.12.2017

NSIC/HO/TISDC/68

मुख्य महाप्रबंधक (टीआईएसडीसी)